p>

Title: Request to government to instruct the forest department to provide the electricity and road to the villeges in the forests for development in Bahraich.

श्री अक्षयवर लाल (बहराइच): माननीय अध्यक्ष जी, आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र बहराइच, उत्तर प्रदेश के कतरनिया घाट वन्यजीव प्रभाग के अंर्तगत जंगल से होकर गांव में जाने वाली सड़कों का चौड़ीकरण, डामरीकरण, सी.सी. रोड एवं ईंट सोलिंग मार्ग का निर्माण आदि कार्य वन विभाग के द्वारा अनुमति न मिलने के कारण नहीं हो पाते हैं, जैसे मिहिरपुरवा-कतरनियाघाट रोड पर बलछा से बभनिया रोड दो किलोमीटर, मूर्तिहा रोड से सालारपुर मुर्तिहा गांव रोड, हरखापुर सेंट्रल स्टेट फार्म होते हुए सुजौली तक लगभग सात किलोमीटर, मटिहा रामपुर-धोबिया रोड से बेलहान गांव, बलसिंहपुर मार्ग पर जंगल के अन्दर की सड़क, सुजौली से जंगल गुलेरिहा एवं सम्पतपुरवा आदि कई ऐसे मार्ग हैं, जिनका निर्माण होना अति आवश्यक है । हम लोगों के द्वारा निधि देने के बाद भी सड़कों का निर्माण नहीं हो पाता है । सड़कों के न बनने के कारण क्षेत्र का विकास अवरूद्ध है । वन विभाग द्वारा अपने क्षेत्र में से विद्युत लाइन भी नहीं ले जाने दी जाती है । जनहित में मेरी सरकार से मांग है कि वन विभाग को आदेशित करने की कृपा करें कि सड़क एवं बिजली वन विभाग की सीमा के अन्दर से होकर जाए और क्षेत्र का विकास हो सके । धन्यवाद ।